NueGo ने मध्य प्रदेश में इंटरसिटी बस सेवा शुरू की

चर्चा में क्यों?

हाल ही में भारत की पहली प्रीमियिम इलेक्ट्रिक इंटर-सिटी कोच सेवाएँ **NueGo** ब्रांड ने भोपाल-इंदौर इलेक्ट्रिक इंटरसिटी बस सेवा मार्ग की अपनी सेवाएँ शुरू कर अपना परिचालन शुरू करने की घोषणा की।

प्रमुख बिंदु

- यह बस सेवा एक सुरक्षित और हरित सवारी सुनिश्चित करते हुए अंतर-शहर यात्रियों के लिये एक सहज बुकिंग अनुभव, बेहतर सवारी गुणवत्ता और केबिन अनुभव प्रदान करेगी।
- **NueGo** सेवाएँ भोपाल-इंदौर रूट पर 349 रुपए प्रति सीट के विशेष उद्घाटन प्रस्ताव पर उपलब्ध होंगी।
- कंपनी की ओर से कहा गया है कि **NueGo** कोचों को इनोवेटिव टेक्नोलॉजी से लैस किया गया है। यह भोपाल-इंदौर के बीच घंटे के आधार पर चलने वाले कोचों के साथ, अंतर-शहर यात्रियों के लिये एंड-टू-एंड सुविधा प्रदान करती है।
- भोपाल में कोच रूट आईएसबीटी, भोपाल रेलवे स्टेशन, लालघाटी, सीहोर से होकर गुज़रेगा, जबकि इंदौर में यह स्टार स्क्वायर, रेडिसन स्क्वायर, विजय नगर और सरवटे बस स्टैंड से होकर गुज़रेगा।
- एक ग्राहककेंद्रित ब्रांड **NueGo** कोच यांत्रिक और विद्युत निरीक्षण सहित 25 कठोर सुरक्षा जाँच से गुज़रते हैं। हर ट्रिप से पहले कोचों को सैनिटाइज किया जाता है और कोच पायलटों का ब्रीथ एनालाइजर टेस्ट किया जाता है।
- **NueGo** सर्वसिज लाइव कोच ट्रैकिंग, ड्रॉप पॉइंट जियो-लोकेशन और मॉनिटर इन-कोच सीसीटीवी सर्विलांस प्रदान करती है। ये इलेक्ट्रिक कोच ट्रैफिक की स्थिति में एयर कंडीशनर से सिंगल चार्ज पर 250 किमी. चल सकते हैं। इन कोचों ने सेवाओं के शुरू होने से पहले के महीनों में दो लाख किमी. का रोड ट्रायल पूरा कर लिया है।
- **NueGo** अपनी विश्वस्तरीय इलेक्ट्रिक कोच सेवाओं के साथ यात्रा का संपूर्ण अनुभव प्रदान करेगा। जल्द ही इस सेवा का विस्तार देश के अन्य शहरों में किया जाएगा।
- ग्रीनसेल मोबिलिटी के निदेशक सतीश मंधाना ने कहा कि **NueGo** का उद्देश्य अंतर-शहर मार्गों पर ज़ीरो टेलपाइप उत्सर्जन के साथ टिकाऊ सार्वजनिक परिवहन के उपयोग को बढ़ावा देना है। (टेलपाइप के उत्सर्जन मानक एक आंतरिक दहन इंजन से निकलने वाली निकास गैसों में अनुमत प्रदूषकों की अधिकतम मात्रा को निर्दिष्ट करते हैं।)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/nuego-launches-intercity-bus-service-in-madhya-pradesh